BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication ....HARI BHOOMI....

Date 21/07/2024........ Page ....10.... Column ....03....

Subject मोटिवेशन हमें सबसे ज्यादा गीता के ज्ञान से मिलती है: एडीजी मनजीत सिंह मोखा

मोटिवेशन हमें सबसे ज्यादा गीता के ज्ञान से मिलती है: एडीजी मनजीत सिंह मोखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय व एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रोहतक के सहयोग से विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स के लिए मोटिवेशन संबोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 350 से ज्यादा एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एनसीसी के पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और चंडीगढ़ मुख्यालय के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा रहे। जिन्होंने बच्चों को भविष्य के लिए अपना लक्ष्य निर्धारण करते कहा कि आप जो भविष्य में करना चाहते हैं उसकी रूपरेखा पहले से तैयार कर लेनी चाहिए, बीता हुआ समय कभी नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि मोटिवेशन हमें सबसे ज्यादा गीता के ज्ञान से मिलती है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को सामाजिक कार्य भी करते रहने चाहिए, वहीं देश प्रेम है। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ.) एचएल वर्मा ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा माध्यम है जिसके माध्यम से आप न केवल खुद को विकसित करते हैं, बल्कि समाज में भी एक उत्कृष्ट प्रतिनिधि बनते हैं। कार्यक्रम का मंच संचालन एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. अनिल डूडी और वोट ऑफ थैंक्स डॉ. सोनम बिसला ने किया।

रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए एनसीसी अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल मंजीत सिंह मोखा।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में ब्रिगेडियर हरबीर सिंह, युद्ध सेवा मेडल, सेना मेडल, ग्रुप कमांडर, रोहतक, कर्नल केएस बुधवार, कॉमडिंग ऑफिसर 1 हरियाणा बटालियन, रोहतक, कर्नल अमित मैथ्यू कॉमडिंग ऑफिसर 2 हरियाणा बटालियन, रोहतक, कर्नल मनबीर सिंह धनखड़, सूबेदार मेजर अमरजीत सिंह, प्रशासनिक अधिकारी 1 हरियाणा बटालियन, रोहतक उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. मनोज वर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर और प्रो सुधीर मलिक, एनएसएस इंचार्ज डॉ. मंजीत कुमार, विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।